BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, गुरुवार, 21 नवंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# रेवंत रेड्डी ने 235 करोड़ की लागत वाले इंदिराम्मा घरों की आधारशिला रखी



**राजन्ना सिरसिला, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बुधवार को जिले में इंदिराम्मा आवास योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यक्रमों और घरों की आधारशिला रखी।

श्री रेड्डी ने 235 करोड़ रुपये की लागत से मिड मनैर जलाशय के 4,696 विस्थापित परिवारों के लिए इंदिराम्मा घरों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

उन्होंने 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले यार्न डिपो के निर्माण की आधारशिला रखने के अलावा 45 करोड़ रुपये की लागत से मुला वागु ब्रिज से देवस्थानम तक सड़क विस्तार कार्यों का भी शुभारंभ किया।

यहां 166 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज और छात्रावास ब्लॉक के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया और 35 करोड़ की लागत से अन्नदान सत्रम के निर्माण की आधारशिला रखी गई। मुख्यमंत्री ने कोनरावपेट मंडल में 52 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और तीन करोड़ की लागत से बनने वाले नाले के काम की आधारशिला भी रखी।मेडिपल्ली मंडल में रुद्रंगी मंडल जूनियर कॉलेज भवन में एडवांस टेक्नोलॉजी सेंटर के लिए काम शुरू हो गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने सिरसिला में पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय 26 करोड़ रुपए वेमुलावाड़ा में जिला पुस्तकालय भवन 45 लाख रुपये और 4.80 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कामकाजी महिला छात्रावास भवन की आधारशिला भी रखी। इससे पहले मंगलवार को सीएम रेड्डी ने वारंगल शहर में निर्मित कालोजी कलाक्षेत्र को लोगों को समर्पित किया।

तेलंगाना के सीएम ओ ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, मुख्यमंत्री ने वारंगल शहर में निर्मित कालोजी कलाक्षेत्र को लोगों को समर्पित किया। तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने अन्य मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कलाक्षेत्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उसी परिसर में स्थापित लोक कवि कालोजी नारायण राव की प्रतिमा का अनावरण किया।

कलाक्षेत्र में स्थापित काल-ोजी की फोटो गैलरी देखी गई, साथ ही उनके जीवन के कुछ क्षणों को याद करने के लिए बनाई गई एक लघु फिल्म को पहली प्रदर्शनी के रूप में दिखाया गया। यहीं पर मुख्यमंत्री ने डिजिटल रूप से विभिन्न विकास कार्यक्रमों की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में मंत्रियों, सांसदों, एमएलसी, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

## मुख्यमंत्री रेड्डी ने वेमुलावाड़ा मंदिर में पूजा की

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बुधवार को वेमुलावाड़ा में श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर में विशेष पूजा की।अपने दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर के भीतर धर्मगुंडम में मंदिर विकास कार्यों की आधारशिला रखी। 76 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य मंदिर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना है।मंदिर के पुजारियों ने मुख्यमंत्री को वेमुलावाड़ा श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने प्रस्तावित विकास योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया।



## तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने केसीआर पर विश्वासघात का आरोप लगाया

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) पर तीखा हमला करते हुए उन पर लोगों और वेमुलावाड़ा में प्रतिष्ठित राजन्ना मंदिर दोनों को धोखा देने का आरोप लगाया।बुधवार को वेमुलावाड़ा में एक जनसभा में बोलते हुए, 1,000 करोड़ रुपये की लागत वाली बहु-विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद, मुख्यमंत्री ने अपनी पिछली पदयात्रा के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।रेवंत रेड्डी ने कहा, हम इंदिराम्मा के शासन में वेमुलावाड़ा का विकास कर रहे हैं, मिड-मानैर बाढ़ पीड़ितों जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को संबोधित कर रहे हैं और कलिकोटा सुरम्मा जैसी लंबित परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान शुरू की गई परियोजनाएं केवल कांग्रेस के नेतृत्व में ही पूरी होंगी।रेवंत रेड्डी ने करीमनगर में विकासात्मक पहल की कमी के लिए भाजपा की भी आलोचना की और पूछा, भाजपा ने इस जिले के लिए क्या किया है? क्या उन्होंने संसद में इसके विकास या केसीआर द्वारा अधूरी छोड़ी गई सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने पर सवाल उठाया? पिछली सरकार द्वारा वेमुलावाड़ा की कथित उपेक्षा को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, केसीआर ने दस वर्षों में 20 लाख करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन राजन्ना मंदिर के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित नहीं कर सके। यहां तक कि पैकेज 9 भी अधूरा है। रेवंत रेड्डी ने कई पहलों की घोषणा की, जिसमें विदेश में कार्यरत श्रमिकों का समर्थन करने के लिए खाड़ी बोर्ड की स्थापना शामिल है। सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देने की योजना बनाई है, जो अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस के शासन के सिर्फ दस महीनों में 50,000 नौकरियां पैदा हुई थीं, जो केसीआर के दशक भर के कार्यकाल के दौरान कथित रूप से रोजगार सृजन की कमी के विपरीत था।






बेगमपेट स्थित वेलकीन पार्क में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में पूर्व गृहमंत्री के. जाना रेड्डी, कैन्सर सर्जन डॉ. सचिन मर्दा, डॉ. सपना मर्दा, विख्यात सुंदरकांड पाठकर्ता सारडा बंधुओं का स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन करते हुए लव फ़ॉर काऊ फ़ाउण्डेशन के चेयरमैन जसमत पटेल। साथ में हैं तेलंगाना गुजराती समाज के अध्यक्ष प्रेमल पारेख, ट्रस्टी चंदुलाल पटेलव अन्य।

# सांसद इटेला ने 5के रन फ़ॉर गौ माता का पोस्टर जारी किया






**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 7 नवम्बर 1966 के ऐतिहासिक गौरक्षा आन्दोलन के बाद अब 2020-24 तक गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए देश भर में अनेक संत, शंकराचार्य, धर्माचार्य और गो प्रेमियों ने आन्दोलन तेज कर दिया है । वर्तमान में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर गौ प्रेमी बड़ी आशा की नजर से देख रहे हैं । सबका मानना है प्रधानमंत्री मोदी इसी कार्यकाल में गौ माता को उसका सदियों लंबित पड़ा हक दिलायेंगे। वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भी गौ माता की पूजा, सेवा कर वोट डालने गए और तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद पर आसीन है । उनसे भी तेलंगाना के गौ प्रेमियों को बड़ी आशा है। देशभर में पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से गौरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सर्वदलीय गौरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सिंह नयाल सनातनी द्वारा आगामी दि. 15 दिसम्बर को हैदराबाद, नेकलस रोड पर श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट मेडचल और सर्वदलीय गौरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में 5के रन फ़ॉर गौमाता का भव्य आयोजन किया जा रहा है । जिसमें लगभग 2 हजार से अधिक गौ प्रेमी गौवंश और पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने दौड़ेंगे । इस गौ पर्यावरण रक्षा जन जागरण दौड़ में माताएं ज्यादा भाग ले रही हैं । 5के रन फ़ॉर गौमाता को हरी झंडी दिखा कर शुरुवात करने के लिए बुधवार को आयोजन समिति के सदस्य भाजपा सांसद इटेला राजेंद्र से मुलाकात की। श्री राजेंद्र ने स्वास्थ रक्षा, पर्यावरण रक्षा और गौरक्षा का संदेश देने वाले उक्त कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर इटेला राजेंद्र ने 5के रन फ़ॉर गौमाता का पोस्टर जारी किया और आयोजकों का सम्मान किया। उन्होंने उक्त कार्यक्रम को अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# केंद्रीय हिंदी संस्थान हैदराबाद केंद्र का 479वां नवीकरण पाठ्यक्रम शुरू




**हैदराबाद,20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय हिंदी संस्थान हैदराबाद केंद्र द्वारा गोवा के हिंदी अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए दि. 20 नवंबर से 03 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 479वें नवीकरण पाठ्यक्रम का उद्घाटन समारोह पोरवरिम में एससीईआरटी सभागार में आयोजित किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एससीईआरटी, गोवा की निदेशक, मेघना शेटगांवकर, विशिष्ट अतिथि एससीईआरटी, गोवा के प्रोफेसर-समन्वयक डॉ. गोपाल प्रधान आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर गंगाधर वान-ोडे क्षेत्रीय निदेशक, हैदराबाद केंद्र द्वारा की गयी। उक्त कार्यक्रम में कुल 70 (महिला-58, पुरुष-12) प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। सर्वप्रथम माँ सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि मेघना शेटगांवकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी उपस्थित शिक्षकों को इस कार्यशाला से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आप अपने शैक्षणिक कार्य सफलतापूर्वक कर सकेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. गोपाल प्रधान ने कहा कि इस तरह के आयोजन संस्थान में होते रहते हैं और इनका लाभ जीवनपर्यंत शिक्षकों को अपने कार्य क्षेत्र में मिलता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर गंगाधर वानोडे ने संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में प्रकाश डाला तथा इन पाठ्यक्रमों से हम किस प्रकार लाभांवित हो सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फताराम नायक ने किया। उक्त कार्यक्रम में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत सजग तिवारी के सहयोग से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञ-ासाएँ व्यक्ति की तथा संस्थान से आए हुए प्राध्यापकों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से उनके निराकरण के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. दीपेश व्यास ने सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षण लेने आए अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएसपी में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन आज

**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सहयोग से विशेष परियोजना निदेशालय (डीएसपी), विज्ञान कांचा, हैदराबाद में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में राजभाषा कार्यान्वयन पर कार्यशाला का आयोजन गुरुवार, 21 नवंबर को प्रात: 11.00 बजे से निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में संपन्न होगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यशाला की अध्यक्षता विशेष परियोजना निदेशालय (डीएसपी) के उत्कृष्ट वैज्ञानिक व निदेशक डॉ. अनुपम शर्मा करेंगे। सुनील शर्मा, उत्कृष्ट वैज्ञानिक एवं निदेशक, संसदीय कार्य, राजभाषा एवं संगठन पद्धति निदेशालय, नई दिल्ली मुख्य अतिथि होंगे और राजभाषा कार्यान्वयन पर अपना मुख्य भाषण देंगे। डीएसपी के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और स्थायी कर्मचारियों से निवेदन किया गया कि वे कार्यशाला में अवश्य उपस्थित रहे। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव व वैज्ञानिक-एफ़ श्री अरुण कुमार महोदय स्वागत भाषण देंगे और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री ठाकुर गोविंद सिंह संचालन का भार सँभालेंगे।

# अग्रवाल समाज शालीबंडा शाखा का दिवाली मिलन सम्पन्न



**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज शालीबंडा शाखा का दिवाली मिलन और अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम मारवाड़ी भवन मैदान खां चौक में संपन्न हुआ।

शाखा के सचिव पंकज गोयनका द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

दिवाली मिलन और अन्नकूट प्रसाद में अध्यक्ष रामकीशन अग्रवाल द्वारा शाखा के सभी सदस्यों का स्वागत और सम्मान किया गया।

मंच का संचालन संजय अग्रवाल और प्रेम अग्रवाल ने किया। शाखा के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में हर वर्ग के लिए खेल तथा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका संचालन किरण गोयनका और पूनम अग्रवाल ने किया। कई सदस्यों ने प्रतियोगिताओं में जीतकर पुरस्कार प्राप्त किया, और बच्चों को सांत्वना उपहार भी दिए गए।

कार्यक्रम के संयोजक प्रेम अग्रवाल, सह संयोजक सत्यनारायण गुलखंडिया और राजू अग्रवाल थे।

कार्यक्रम में लगभग 150 सदस्य उपस्थित हुए।

इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष रामकिशन अग्रवाल, उपाध्यक्ष आनंद संघी, सचिव पंकज गोयनका, संयुक्त सचिव राजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, के.एस. सदस्य उमेश अग्रवाल, आइपीपी महावीर प्रसाद डोकानिया, सलाहकार संजय अग्रवाल, सत्यनारायण गुलखंडिया और कार्यकारिणी सदस्य हरिकिशन अग्रवाल,नवनीत अग्रवाल, रोशन अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, योगेश गुलखंडिया, मिट्ठूलाल अग्रवाल, पवन डोकानिया, फतेहचंद मित्तल, राजेश अग्रवाल, कमल नयन अग्रवाल, उमेश अग्रवाल आदि ने भाग लिया।




# तेलंगाना में जाति जनगणना का काम 70 फीसदी पूरा : राहुल



**नयी दिल्ली, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना का 70 फ़ीसदी काम पूरा कर लिया है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा।श्री गांधी ने कहा,तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे।उन्होंने कहा,जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार-बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने रास्ता दिखाया है, राष्ट्रीय स्तर पर भी हम एक व्यापक जातिगत जनगणना करवा कर रहेंगे।



खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



समाज सेवी जगतनारायण-राजकुमारी अग्रवाल के 40वें वैवाहिक वर्षगांठ पर शमशाबाद स्थित कन्वेंशन-3 में आयोजित भव्य कार्यक्रम में नगरद्वय की विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों, ईष्ट मित्रों एवं परिवार के सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राष्ट्रपति मुर्मू 22 तक तेलंगाना के दौरे पर रहेंगी



**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 21 से 22 नवंबर, 2024 तक तेलंगाना का दौरा करेंगी। श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 21 नवंबर को हैदराबाद में कोटि दीपोत्सवम-2024 में शामिल होंगी और 22 नवंबर को हैदराबाद में लोकमंथन-2024 में उद्घाटन भाषण देंगी।

## टीटीडी ने एसवी अन्ना प्रसादम के लिए दान करने में भक्तों की मदद के लिए कियोस्क खोला

**तिरुमाला, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने टीटीडी द्वारा संचालित एसवी अन्ना प्रसादम ट्रस्ट के लिए दान करने में भक्तों की मदद के लिए बुधवार को यहां मातृश्री तारिगोंडा वेंगाम्बा अन्ना प्रसादम कॉम्प्लेक्स (एमटीवीएसी) में एक कियोस्क स्थापित किया है।केनरा बैंक द्वारा दान किए गए इस कियोस्क का उद्घाटन टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी चौधरी वेंकैया चौधरी ने किया।कियोस्क के माध्यम से, भक्त आसानी से कियोस्क पर क्यूआर कोड को स्कैन करके और यूपीआई के माध्यम से दान करके एसवी अन्ना प्रसादम ट्रस्ट को 1 रुपये से लेकर 99,999 रुपये तक का दान कर सकते हैं।इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए, अतिरिक्त ईओ ने कहा कि यह कियोस्क टीटीडी के पूर्ण डिजिटलीकरण के एक हिस्से के रूप में उपलब्ध कराया गया है।उन्होंने कहा कि भविष्य में और अधिक कियोस्क स्थापित किए जाएंगे।कार्यक्रम में केनरा बैंक के डीजीएम रवींद्र अग्रवाल, एजीएम नागराजू राव और अन्य ने भाग लिया।

## *दमरे चलाएगा सबरीमाला के लिए विशेष रेलगोड़ियां*

**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सबरीमाला तीर्थयात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे मौला अली-कोल्लम के बीच सबरीमाला विशेष ट्रेनें चलाएगा। ट्रेन संख्या- 07143 (मौला अली-कोल्लम) मौला अली से सुबह 11:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम 7 बजे कोल्लम पहुंचेगी।यात्रा की तिथियाँ 6, 13, 20 और 27 दिसंबर हैं। ट्रेन संख्या- 07143 (मौला अली-कोल्लम) कोल्लम से सुबह 2:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 10 बजे मौला अली पहुंचेगी। यात्रा की तारीखें 8, 15, 22 और 29 दिसंबर हैं। ये विशेष ट्रेनें चेरलापल्ली, भोंगिर, जनगांव, काजी-पेट, वारंगल, महबुबाबाद, दोर्नाकल, खम्मम, विजयवाड़ा, तेनाली, बापटला, चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, रेनिगुंटा, काटपाडी, जोल-ारपेट्टई, सेलम, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर, पलक्कड़, त्रिशूर, ए पर रुकेंगी दोनों दिशाओं में लुवा, एर्नाकुलम शहर, एट्टुमानूर, कोट्टायम, चेंगनाचेरी, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर और कायनकुलम स्टेशन।



श्री जगन्नाथ मठ माधवदास झीरा द्वारा आयोजित अखंड रामचरितमानस पारायण में भक्तों द्वारा किया जा रहा। जिसमें भक्तों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मुख्य यजमान अरुणा किशोर अग्रवाल द्वारा किया जा रहा। प्रति दिन संकल्प एवं सहसहयोगी यजमान द्वारा भी पाठ एवं ब्राह्मण भोज में सम्मिलित होकर श्री रंगनाथ मंदिर नैमिशरायण धाम के आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। बुधवार को श्री जगन्नाथ वृद्ध आश्रम, गौशाला एवं वेद विद्यालय का विस्तृत जानकारी एवं वृद्धजानों से आशीर्वाद प्राप्त कर एवं वैकुंठवासी श्री श्री श्री त्रिदंडी श्रीनिवास व्रतधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी के समाधि स्थल के दर्शन कर पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आईपीएस राजीव दीक्षित जी युवा अच्युत रामानुज स्वामी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# विश्व शांति और भक्ति कवि सम्मेलन सम्पन्न



**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गीत चाँदनी के तत्वावधान में प्रतिमास आयोजित होने वाला कवि सम्मेलन चिल्कूर बालाजी मंदिर, गंडीपेट के किनारे संपन्न हुआ। हिंदी और संस्कृत की विद्वान साहित्यकार डा. प्रेमलता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने संचालन किया और संस्था द्वारा विशेषकर मंदिरों में होने वाले कवि सम्मेलनों के बारे में जानकारी दी। कवि ठाकुर दिनेश सिंह, उर्मिला वर्मा, डॉ. एम. लक्ष्मणाचार्युलु, रविंदर सिंह भदौरिया और राजेश सिंह वर्मा बतौर विशेष अतिथि मंच पर विराजित थे।

कार्यक्रम में आरंभ में माँ गंगा मय्या की पूजा की गयी और दीप विर्सजित किये गये। तत्पश्चात् विश्व-शांति, विश्व-बंधुत्व, राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के निमित्त चिल्कूर बालाजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न होगा। यह कवि सम्मेलन गीत चाँदनी के वरिष्ठ हिंदी और उर्दू के कवि व संस्थापक कार्यदर्शी कीर्तिशेष नेहपाल सिंह वर्मा को समर्पित किया गया। कवि सम्मेलन में नगरद्वय के कवियों ने भक्ति, राष्ट्रीय एकता, सद्भावना और देश की वर्तमान समस्याओं पर अपने गीत, ग़ज़ल और नयी कविताओं के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य कविताओं का पाठ किया। कवि सम्मेललन के आरंभ में माँ सरस्वती की वंदना कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य ने प्रस्तुत की। कविता पाठ करने वाले कवियों में कवि गोविंद अक्षय, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, शिव कुमार तिवारी कोहिरी, अनिल कुमार गुप्ता, सत्यनारायण काकड़ा, ठाकुर दिनेश सिंह, सुनील मिश्रा, डॉ. एम. लक्ष्मणाचार्युलु, संतोष कुमार मिश्र माधुर्य, डी. प्रेमराज, राजकुमार यादव, डॉ. मुमताज सुल्ताना आदि के नाम सम्मिलित हैं। श्री कोटेश्वर राव और श्रीमती अरुणा ठाकुर ने सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया।

मुख्य वक्ता डॉ. एम. लक्ष्मणाचार्युलु ने अपने वक्तव्य में मंदिर की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि वीसा बालाजी के नाम से सुविख्यात इस मंदिर में विराजमान बालाजी की दिव्य व भव्य मूर्ति देखते ही बनती है। इस मंदिर में विस्मयकारी व प्रभावोत्पादक शक्ति है।

कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि नेहपाल सिंह वर्मा ने गीत चाँदनी की स्थापना की थी जो प्रतिमास पूर्णिमा की रात गोष्ठी का आयोजन करती है। नेहपाल सिंह वर्मा निर्भीक और निष्पक्ष लिखने वालों में एक थे। विशेष अतिथि श्री ठाकुर दिनेश सिंह ने कहा कि कवि सम्मेलन में कवियों ने विशेष रुप से भक्ति भावना से ओत-प्रोत रचनाओं का पाठ कर मन को आनंदित किया।

विशेष अतिथि राजेश सिंह वर्मा ने कहा कि गीत चाँदनी के सभी कवियों पर ईश्वर का वरद-हस्त है। गीत चाँदनी बहुत ही लोकप्रिय संस्था है। विशेष अतिथि श्रीमती उर्मिला वर्मा ने कहा कि गीत चाँदनी के कवि संस्था की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। मुझे ख़ुशी है कि नेहपाल सिंह वर्मा जी के न रहने पर भी संस्था की गतिविधियों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आयी है।

डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि कीर्तिशेष नेहपाल सिंह वर्मा ने हैदराबाद के हिंदी और उर्दू को मंचों पर ख़ूब प्रोत्साहित किया। हैदराबाद में कविता का वातावरण बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में की गयी सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

कार्यक्रम में श्रीमती सध्या वर्मा, उषा मिश्रा, ठाकुर प्रभात सिंह, कामिनी सिंह, ठाकुर यथार्थ सिंह आदि ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया।

# आरसीआई की तृतीय कार्यशाला सम्पन्न





**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई), डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, हैदराबाद में वित्त वर्ष 2024-2025 की तृतीय कार्यशाला 20 नवंबर 2024 को डीओएमएस सम्मेलन कक्ष में संपन्न हुई। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता प्रबंध सेवा निदेशक एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ पी. अनिल कुमार ने की। इस अवसर पर श्री संतोष कुमार सतनामी, वैज्ञानिक-एफ, सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, ने उपस्थित सभी सहभागियों से हिंदी के प्रयोग में गंभीरता बरतने पर जोर दिया तथा हिंदी को कार्यालयी दिनचर्या का अंग बनाने पर जोर दिया साथ ही उन्होनें राजभाषा प्रभाग द्वारा हिंदी संबंधी गतिविधियों को कुशलतापूर्वक आयोजित करने के लिए भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों के हिंदी के प्रति रुझान एवं उत्सुकता की प्रशंसा भी की। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि वर्ष 2024-25 की तृतीय कार्यशाला के माध्यम से सहभागियों को दैनिक कार्यों एवं व्यवहारिक भाषा के रुप में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राजभाषा द्वारा आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित डॉ साहिराबानो बी बोरगल, विभागाध्यक्ष, उच्च शिक्षा और शोध संस्थान दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा. हैदराबाद ने हिंदी साहित्य के इतिहास तथा भाषा के व्याकरणीय प्रारुप एवं हिंदी के साहित्यकारों के विषय पर विस्तृत आख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अन्य भाषाओं का भारतीय भाषाओं विशेष रुप से हिंदी पर उनके प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने अपने व्याख्यान में अरबी, फारसी, तुर्की, उर्दू, अंग्रेजी, पुर्तगीली तथा अन्य भाषाओं के उन शब्दों पर चर्चा की जिनका उपयोग हम प्रायः दिन प्रतिदिन के कामों में करते है और अब वे शब्द हमारी हिंदी भाषा की परिसीमा में प्रवेश कर आमजन द्वारा स्वीकृत हो चुकी है। उन्होने कबीरदास, रहीम, रसखान से लेकर आधुनिक हिंदी साहित्यकारों के विषय में उनके द्वारा हिंदी के उत्थान में किये गये प्रयासों के विषय में गहन चर्चा की।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र के वक्ता श्री संजय कुमार गुप्ता, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) ने उपस्थित प्रतिभागियों को केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964 तथा कार्यलय पद्धति के विषय में हिंदी भाषा में जानकारी प्रदान की। उन्होने एक सरकारी कर्मचारी के कर्तव्यों, कार्यलय संबंधी कार्यो जैसे-फाइलिंग, रिकार्ड बनाने, डाक प्रबंधन तथा ज्ञान प्रबंधन इत्यादि पर प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होने प्रतिभागियों का प्रयोगशाला के राजभाषा विभाग से जुड़े रहने के लिए उत्साह-वर्धन भी किया तथा कार्यालयी कार्यों में हिंदी के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया।

कार्यशाला के मध्य में अभ्यास सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने चर्चा-परिचर्चा में रुझान व्यक्त किया जिसमें सहभागियों ने कई प्रश्न पूछे तथा उनके प्रश्नों के उत्तर दिये गए। सहभागियों की प्रतिपुष्टि के साथ कार्यशाला संपन्न हुई। सहभागियों ने अपने विचार रखते हुए एकमत से ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए आगे भी ऐसी कार्यशालाओं से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। प्रयोगशाला के श्री काज़िम अहमद, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सफलपूर्वक मंच का संचालन किया तथा श्री गौतम महतो, आशुलिपिक ग्रेड-ख ने आभार व्यक्त किया तथा श्री सूरज कुमार पांडेय, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के अतुलनीय योगदान से कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में प्रयोगशाला के विभिन्न कार्यस्थलों से तीस सहभागियों ने भाग लिया।

# तेलंगाना को जल्द ही मिलेगी राज्य तितली



**संगारेड्डी, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राज्य पक्षी, वृक्ष, फूल और पशु की तर्ज पर तेलंगाना को भी जल्द ही एक राज्य तितली मिलेगी, क्योंकि इस दिशा में प्रयास हाल ही में शुरू हुए हैं। विभिन्न संगठनों द्वारा काफी प्रयास और विचार-विमर्श के बाद, हाल ही में तेलंगाना के मुख्य वन्यजीव वार्डन एल्युजिंग मेरु को अरण्य भवन में एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें उनसे राज्य तितली घोषित करने का अनुरोध किया गया। तितली माह: तेलुगु फोटोग्राफर ने लगातार तीन वर्षों तक सबसे अधिक संख्या में तितलियाँ देखीं संगठनों ने तेलंगाना सरकार से तीन तितलियों में से एक - भारतीय जेज़ेबेल, धारीदार बाघ या बैंडेड मोर - को राज्य तितली घोषित करने की सिफारिश की है। सिंह ने संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही एक राज्य तितली घोषित करने के लिए तेलंगाना के वन और पर्यावरण मंत्रालय के संज्ञान में यह बात लाएंगे।तितली संरक्षण सोसायटी (बीसीएस), विश्व वन्यजीव कोष, मोथ सोसायटी, वाइल्ड तेलंगाना और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने कुछ वन अधिकारियों के सहयोग से इन तीन तितलियों को अंतिम रूप देने के लिए सामूहिक प्रयास किए हैं। हालांकि अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन अधिकारी कथित तौर पर भारतीय जेज़ेबेल को राज्य तितली के रूप में विचार कर रहे थे। भारत में तितली की 1,380 प्रजातियाँ हैं, जबकि दुनिया में 17,000 तितली प्रजातियाँ हैं। भारत में अब तक दस राज्यों ने अपनी राज्य तितलियाँ घोषित की हैं। हालाँकि, राष्ट्रीय तितली घोषित करने के प्रयास अभी तक अंतिम चरण में नहीं पहुँचे हैं। भारतीय जेज़ेबेल, कृष्णा मोर और ऑरेंज ओकलीफ़ राष्ट्रीय तितली का दर्जा पाने की होड़ में थे।

## तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग ने की जनसुनवाई

**खम्मम, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग ने मंगलवार को खम्मम में पिछड़े वर्गों की जीवन स्थितियों पर दूसरे चरण की सार्वजनिक सुनवाई की।यह सुनवाई एकीकृत जिला कार्यालय परिसर के सम्मेलन हॉल में सुबह 10 से शाम छह बजे तक चली, जिसमें आम जनता, जाति संगठनों और राजनीतिक नेताओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

## तेलंगाना में अगले सात दिनों तक शुष्क मौसम के आसार

**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में अगले सात दिनों तक शुष्क मौसम के आसार हैं।मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात मेडक में सबसे कम 11.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पिछले 24 घंटों में राज्य भर में शुष्क स्थिति बनी रही।


## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 78,500 /-**
**(प्रति 10 ग्राम)**
**चाँदी : 92,710/-**
**(प्रति किलोग्राम)**

## शेयर मार्केट



बीएसई : 77,578.38
+239.37 +0.31% ↑
एनएसई :23,518.50
64.70 (0.28%) ↑





राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत बुधवार को कैलाशचंद-श्रीमती निर्मलादेवी केडिया की वैवाहिक वर्षगांठ पर पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अन्नदान किया गया। जिसमें रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, भगतराम गोयल, मनीष फिटकारीवाला, सोनू फिटकारीवाली, सुरेश सिंघल, मायारामजी अग्रवाल, कैलाश चंद केडिया, निर्मला केडिया और अन्य राधे-राधे समूह के सदस्य उपस्थित थे।

# बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न

**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह चिराग अली लेन स्थित होटल रायलटॉन में भव्यता से संपन्न हुआ।

अग्रवाल सेवा दल के प्रचार संयोजक अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पित्ती ट्रस्ट के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक तथा अग्रवाल सेवा दल के परामर्शदाता शरद बी.पित्ती ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पित्ती ट्रस्ट-अग्रवाल सेवा दल द्वारा समय समय पर विभिन्न सेवा के कार्यक्रम किये जाते हैं। इसके अंतर्गत विधवा को मासिक पेंशन, अनाथालय, वृद्धाश्रम एवं सरकारी स्कूलों में आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होने कहा कि गत वर्ष 29 सरकारी स्कूलों, अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में सेवा दी गई। हर सेवा में करीब 1.5 लाख रुपये खर्च किये जाते हैं और इस वर्ष 40 लाख रुपये का खर्च 29 जगहों पर किया गया।

शरद बी.पित्ती ने बताया कि बत्तिनी गौड़ द्वारा दमा रोग के निवारण के लिए दिये जाने वाले मछली प्रसादम कार्यक्रम के दौरान 3-4 दिनों के लिए मेगा कैंप लगाया जाता है। जिसमें 70,000 से अधिक लोगों को निःशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। उन्होंने मछली प्रसादम की सेवा के लिए बत्तिनी गौड़ परिवार की भूरि-भूरि सराहना की। पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये जाते हैं। जिसमें आवश्यक जांच के बाद निःशुल्क चश्मे, दवाइयां आदि दी जाती हैं। इनमें मेडिकवर अस्पताल, किम्स सनशाइन अस्पताल, टीएक्स अस्पताल मुख्य सहयोगी है । नेत्र जांच के लिए एलसीएस डूंडू आई इंस्टीट्यूट, कई संस्थान इसमें सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से शिविर में आने वाले दिव्यांग को कृत्रिम अंग की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है।

शरद बी.पित्ती ने आगे कहा कि ट्रस्ट के बड़े प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेधावी व जरूरतमंद छात्रों को जिन्होंने 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं उनको छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिनमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर को दी जाती है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 600 से अधिक विद्यार्थियों को औसतन 70 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस वर्ष जिनमें 59 ऐसे छात्र हैं जिन्होंने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कोविड के समय कुल 15000 डोज पर 1.4 करोड़ रुपये का खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न व आवश्यक सामग्री विस्थापित लोगों को उपलब्ध करवाई गई। जिस पर 80 लाख रुपये खर्च किये गये। हाल ही में पित्ती इंजीनियरिंग से औरंगाबाद में हेडगेवार अस्पताल में पीडियाट्रिक ओपीडी तथा जनरल वार्ड को रिनोवेट करवाया गया। जिसमें 90 लाख रुपये खर्च किये गये। अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि प्रीमैच्यूर शिशु केयर में खर्च होता है जिसमें अस्पताल को कई बार भारी खर्च होता है। ट्रस्ट द्वारा उस अस्पताल के लिए वार्षिक 24 लाख रुपये की राशि नियोनेटल केयर के लिए खर्च की जाएगी। इससे आठ से दस बच्चों को सहयोग मिल सकेगा। इसी प्रकार एक करोड़ रुपये उप्पल में निर्माणाधीन अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट, आत्म गौरव भवन ट्रस्ट को दिये गये हैं। इस प्रकार विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में 2.5 करोड़ रुपये ट्रस्ट खर्च करता है जिसमें 70 लाख अग्रवाल सेवा दल खर्च करता है। इस राशि में हेडगेवार अस्पताल, आत्म गौरव भवन को दी गई राशि शामिल नहीं है। समाज से बहुत कुछ लेते हैं हमारा मानना है समाज को कुछ देकर अपने कर्तव्य को निभाये। जरूरतमंद एवं गरीब लोगों की सेवा हो सके इसी मंशा से सेवा कार्य किये जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुँच सके।



अवसर पर अग्रवाल सेवा दल के संयोजक अजित गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल सेवा दल की यात्रा पित्ती ट्रस्ट के साथ 2005 में शुरु हुई लेकिन जुडाव शरद पित्ती परिवार के साथ पुराना है। बदरीविशाल पित्ती ऐसा नाम था जिनके लिए पैसा जमा करके रखने की वस्तु नहीं बल्कि खर्च करने की वस्तु थी। उन्हें गर्व था कि उन्होंने पुरखों की दौलत को बढाया नहीं बल्कि समाज सेवा करते हुए उसमें कमी करने में सफल हुए। सेवा का दीप जो पित्ती परिवार ने प्रज्ज्वलित किया उसे बदरीविशाल पित्ती ने आगे बढ़ाया है। बदरीविशाल के जाने के तुरंत बाद शरद ब. पित्ती ने उस कार्य को उसी तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पित्ती ट्रस्ट की स्थापना की। यह सौभाग्य है कि छोटा सा रोल अग्रवाल सेवा दल के माध्यम से निभा रहे हैं। सेवा उनकी जिन्हें जरूरत हो सेवा वहां जहां इसकी आवश्यकता हो। अब तक 200 मेडिकल कैम्प आयोजित किये गये। करीब 75 से 80 हजार लोगों ने मेडिकल कैंप का लाभ लिया। कैम्प के माध्यम से जो लोग अस्पताल नहीं जा सकते अस्तपताल को उन तक ले जाया जाए। मेडिकल कैम्प द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति से जिन्हें डायलिसिस की आवश्यकता है उनके लगभग 6 डायलेसिस मुफ्त करवाये जाते हैं। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। अवसर पर अग्रवाल समाज सहायता ट्रस्ट आत्म गौरव भवन के चेयरमैन राजेश अग्रवाल, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद के मंत्री इन्द्रचंद जैन, इंडियन रेडक्रास सोसायटी हैदराबाद के डॉ.विजय भास्कर,अवसर पर विवेकानंद सीनियर सिटीजन्स होम के चेयरमैन जयचन्द्र सहितशारदा, वेंकन्ना, अंजू गोयल, महेश, डॉ.राजीव सिंह ने भी अपने विचार रखे।

अवसर पर पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल के कार्य में सहयोग करने वालो- मेडिकवर अस्पताल, एल.सी.डूंडू आई इंस्टीट्यूट, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति हैदराबाद, रवि हेलियोस अस्पताल के डॉ.विजय भास्कर, बजाज फिजियो केयर के डॉ.मीता बजाज, किम्स सनशाइन अस्पताल, टीएक्स अस्पताल, ललिता डेंटल क्लीनिक, स्टार अस्पताल, तेलंगाना चैम्बर ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट हैदराबाद, अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा, श्री उमिया नवरात्रि मंडल करमनघाट, शिव मंदिर कमेटी पब्लिक गार्डन, अग्रवाल समाज दोमलगुडा शाखा, अग्रवाल समाज हेल्थ क्लीनिक, लॉयन्स क्लब ऑफ सिकंदराबाद चैरिटेबल ट्रस्ट, श्री आदिनाथ भक्तामर शक्ति धाम, अग्रवाल समाज बोइनपल्ली शाखा अग्रसेन बायोडाटा समिति, बत्तिनी वीरन्ना गौड़ परिवार, एक्जीबिशन सोसायटी, निर्मला देवी कैलाशचंद केडिया चैरिटेबल ट्रस्ट, सिद्धार्थ गणेश समिति बेगम बाजार, शिवभागासजी नारायणजी बसंल सेवा ट्रस्ट, महाराणा प्रताप सेवा समिति, जिला परिषद हाई स्कूल यॉपराल, गोशामहल सेवा दल, सर्वोदय विचार प्रचार ट्रस्ट, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, अग्र महिला मंच अग्रोहा बैंक, गोपाल सिंह, शंकरलाल यादव, घनश्याम यादव, आत्म गौरव भवन सहित अनाथालय, वृद्धाश्रम एवं विभिन्न सरकारी स्कूलों के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। अवसर पर 59 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं पित्ती इंजीनियरिंग के कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आभार ट्रस्टी लक्ष्मीनिवास शर्मा ने व्यक्त किया। ट्रस्ट के ट्रस्टी लक्ष्मी निवास शर्मा, जी.विजय कुमार, उर्मिला अग्रवाल, विनय सी.अग्रवाल, कैलाशचंद केडिया, अजीत गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, सुरेन्द्र गोयल, सुधीर गुप्ता सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अत्तापुर में कुश्ती प्रतियोगिता का समापन



**हैदराबाद,20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर के रामबाग राम मंदिर खेल मैदान में सरदार वल्लभभाई पटेल केसरी के तत्वावधान मेंकुश्ती प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में राजेंद्र नगर विधायक टी.प्रकाश गौड मुख्य अतिथि में उपस्थित थे। विजेता कुश्ती पहलवानों को पारितोषिक वितरण कर किया गया।

तीन दिवसीय इस कुश्ती प्रतियोगिता में लगभग 300 पहलवान हैदराबाद के अलावा अनेक जगहों के दंगलों से आए और उन्होंने अपनी कुश्ती कला का जौहर दिखाया। इस मौके पर आयोजक राजू पहलवान ने हैदराबाद के अनेक जगहों से पधारे अतिथि केसरी पहलवानों एवं अनेक गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा चेवेल्ला संयोजक मल्ला रेड्डी द्वारा प्रतियोगिता के प्रथम विजेता सुष्मित सिंह को 50,000 का पहला इनाम तथा दूसरा साकेत को 25,000 का इनाम दिया । तीन दिवसीय इस विशाल कुश्ती प्रतियोगिता की चर्चा चारों ओर रही। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के हजारों लोगों ने बड़ी रुचि से कुश्ती दंगल को देखा और आयोजकों को धन्यवाद दिया।

## हैदराबाद की सरिता, फाल्गुनी और सुरभि ने क्रोशिया स्क्वायर बनाने में गिनीज रिकॉर्ड में दर्ज की भागीदारी

**हैदराबाद, 20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद की फाल्गुनी के. शर्मा, सुरभि के. शर्मा ने महिला मनोविकास द्वारा आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपनी भागीदारी दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मयंक कुमारी समंवयक इंटेक विशाखापट्टनम, अतिविशिष्ट अतिथि जयाश्री, डॉ रेणुका रानी तथा आयोजन में प्रसिद्ध क्रोशिया विशेषज्ञ और महिला मनोविकास समूह की संस्थापक, माधवी भाटला का निर्देशन रहा और सविता सोनक, अंशु मालिनी, तनुजा वेंकट की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का लक्ष्य 20,000 क्रोशिया स्क्वायर बनाकर प्रदर्शित करना था। जबकि 450 प्रतिभागियों



की कड़ी महनत, लग्न और कौशल ने इस लक्ष्य को बहुत पीछे छोड़ते हुए 58,112 क्रोशिया स्कवायर बनाकर, एक नया विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया है।

राजस्थानी ब्राह्मण सभा के महासचिव रामदेव नागला ने फाल्गुनी के. शर्मा, सुरभि के. शर्मा को गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने तथा विप्र नारियों का मान बढ़ाने पर सभी विप्र बंधुओं व महिलाओं की ओर से शुभ कामनाएं प्रदान की तथा विप्र समाज में नारियों को जागृत करने हेतु आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक ही परिवार से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में तीन प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज होना प्रेणादायक और सराहनीय है। उनकी इस उपलब्धि पर संस्था के सदस्य भारती दैया और अन्य में रामदेव नागला, ऋषि शर्मा, चित्रा देवी शर्मा, उमेश के शर्मा , रमेश शर्मा, रोशन के शर्मा तथा परिवार और समाज के लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Mohammad Shareefullah S/o ShakooranNisa R/o 16-8-581/1, New Malakpet, Hyd, change my name as **MOHAMMED SHARIFULLAH** S/o **SHUKRUNNISA**

**CHANGE OF NAME**
I, Qutabunnisa W/o Mohammed Shareefullah R/o 16-8-581/1, New Malakpet, Hyd, change my name as **QUTBUNNISA** W/o **MOHAMMED SHARIFULLAH**

**CHANGE OF NAME**
I, JC 443107W Nb Sub N NARASIMHA RAO, R/o.Vill:Pedaitikampadu, PO:Vallabha Rao Palem, Teh & PS:Ponnur, Dist:Guntur, Andhra Pradesh-522124 hereby declare that my daughter name is to be changed from **NIMMAGADDA TEGINI** to **NIMMAGADDA TEJINI** vide affidavit dt:20-11-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Mohammad Shareefullah R/o 16-8-581/1, New Malakpet, Hyd, change my name as **MOHAMMED SHARIFULLAH** S/o **ZAMEERULLAH**


## अब्दुल कलाम आज़ाद की जयंती मनाई गई



**हैदराबाद,20 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आइटन्स हाई स्कूल, बोराबंडा, हैदराबाद में डॉ. मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में भव्यता के साथ सम्पन्न हुई।

कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य मुख्य अतिथि थे और उन्हीं की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोयब ने संतोष कुमार मिश्र माधुर्य का शॉल, पुष्प माला व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। मंच पर आसीन आमेर भाई, सय्यद भाई, फरीद भाई, सय्यद रियासत, फारुद साहब बतौर विशेष अतिथि उपस्थित थे। सभी सम्माननीय अतिथियों का सम्मान स्मृति चिह्न, शॉल, पुष्प माला द्वारा प्रधानाचार्य ने किया।

कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जाति, धर्म व भाषा के नाम पर ओछी राजनीति बंद होनी चाहिए। सभी भाषाओं का सम्मान हो, हिंदी और उर्दू से यमुना-जमुना की तहजीब है। तेलुगु हमारी दक्षिण प्रांत की बहुत ही सुंदर भाषा है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति, छात्र-छात्राएँ व शिक्षक उपस्थित थे। सभी की कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य ने सराहना की। जलपान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


DAILY शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रु.500/- में
साईज : 12 x10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345



URGENT REQUIRED
शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे
VACANT
COMPANY SECRETARY (CS) (Full Time, 10 Years Experience)
ADVOCATE (Full Time, 10 Years Experience)
CHARTERED ACCOUNTANT (CA) (Full Time, 10 Years Experience Preferred)
REPORTERS (Knowledge of Hindi, English, Telugu Languages Preferred )
OFFICE BOYS (Full Time)
2 COLLECTION BOYS (Full Time)
Interview Timing : 06.00pm to 8.00 pm
T19 Towers, 4th Floor, Commercial Building, Ranigunj, Secunderabad.
Contact No.: 9959999012, 8688868345

